Title: Need to improve the flight services of Alliance Air running between New Delhi to Calcutta.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : उपाध्यक्ष महोद्य, एलाइंस एअर का जहाज 7411 सीधे दिल्ली से लखनऊ, पटना होते हुए कलकत्ता जाता है। वह दिल्ली से 5.40 पर जाता है। यह अति गम्भीर सवाल है।

\- ____

*Not Recorded.

20 दिसम्बर को मेरी माताजी का देहान्त हो गया था। मुझे दाह संस्कार के लिए जाना था लेकिन उस जहाज को लखनऊ में रोक दिया गया और कहा कि इसमें तकनीकी खराबी है। मैं समय पर नहीं पहुंच सका। 27 जनवरी 2000 को हम उस फ्लाइट से गए। मुझे याद है कि उस फ्लाइट में राजो सिंह जी, रघुनाथ झा जी, 15-20 और दूसरे एम.पीज. बैठे थे। उस दिन भी लखनऊ जाकर कहा कि तकनीकी खराबी है। वहां से हमें कलकत्ता ले गए। कलकत्ता से लखनऊ रात में उतार दिया । हम लखनऊ बैठे रहे। 14 तारीख को जब मैं उस फ्लाइट से जा रहा था तो पटना साढ़े ग्यारह बजे पहुंचा। सैंकड़ों लोग उसमें प्रतिदिन जाते हैं। इस जहाज में लोगों को जो परेशानी होती है, उससे लगता है कि सरकार बिल्कुल शून्य हो गई है। सरकार इस मामले को गम्भीरता से ले। अगर उसमें तकनीकी खराबी है तो वह उसे ठीक कराए। अगर उसका जहाज खराब है तो बदल कर दूसरा जहाज दे। वह जहाज निर्धारित समय पर चले। 14 तारीख को एक कप चाय भी उस जहाज में नहीं मिली। उसमें घंटों तक लोग बैठे रहे। मंत्री जी बैठे हैं। वह संवेदनशील और गम्भीर भी हैं। रघुवंश बाबू जो चाहे कहें। हम मंत्री जी से आग्रह करेंगे कि वह इसे गम्भीरता से लें। हमें शंका है कि उसके कर्मचारी जानबूझकर ऐसी हरकत करते हैं। इसलिए आप इसकी जांच कराएं। अगर जानबूझ कर ऐसी हरकत होती है तो गम्भीर से गम्भीर कार्रवाई करिए। यही मेरा निवेदन है।

14.02 hours

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fifteen of the Clock.

\------------